# मुख्यमंत्री आज डूंगरपुर में 87 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती पर वे किसानों व विद्यार्थियों को 264 करोड़ की राशि ट्रांसफर करेंगे

जयपुर, 14 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर डूंगरपुर में मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगे। शर्मा इस अवसर पर जनजातीय समुदायों के विकास एवं कल्याण के लिए 62 करोड़ रुपये की लागत के 31 कार्यों का शिलान्यास तथा 25 करोड़ रुपये की लागत के 31 कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहीं, किसानों एवं जनजातीय छात्र-छात्राओं को कुल 204 करोड़ की राशि डीबीटी करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर गुजरात में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे।

मुख्यमंत्री आरकेसीएल द्वारा जनजाति युवाओं को कम्प्यूटर में दक्ष बनाने के लिए उदयपुर, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा में 3 प्रशिक्षण केन्द्रों पर आरएस-सीआईटी कोर्स का शुभारम्भ करेंगे। वहीं, जनजाति भवन जयपुर में आईआईटी-जेईई, नीट प्रवेश परीक्षाओं व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 60 छात्राओं के आवासीय बैच की भी शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान 12 हजार जनजाति छात्र-छात्राओं को पोशाक, स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री के लिए 4 करोड़ 8 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित करेंगे। शर्मा रबी 2025-26 के लिए 50 हजार जनजातीय कृषकों को 3 करोड़ 14 हजार रुपये की लागत के निःशुल्क हाईब्रिड सब्जी बीज मिनिकिट प्रदर्शन एवं जैविक आदान का वितरण भी करेंगे। शर्मा कृषि एवं उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी किसानों को 200 करोड़ की अनुदान राशि डीबीटी करेंगे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आईआईटी जेईई, नीट आदि प्रवेश परीक्षाओं व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जनजाति की 60 छात्राओं के आवासीय बैच का शुभारंभ भी करेंगे।**

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर कार खाई में गिरी, 5 की मौत

रतलाम, 14 नवंबर। मध्य प्रदेश में शुक्रवार सुबह एक ऐसा सड़क हादसा हुआ, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार गहरी खाई में गिर गई, जिससे कार में सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में एक 15 साल का किशोर भी शामिल था। हादसा इतना भयावह था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर चकनाचूर हो गई।

शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे रावटी थाना क्षेत्र के भीमपुरा गांव के पास यह हादसा हुआ। बताया गया कि कार दिल्ली से मुंबई की तरफ जा रही थी। अचानक कार अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार होने के कारण, एक्सप्रेस-वे की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे खाई में जा गिरी।

- **ड्राइवर को झपकी आने से तेज रफ्तार कार रेलिंग तोड़ते हुए खाई में गिरी।**

शुरुआती जानकारी में यह बात सामने आई है कि ड्राइवर, झपकी आने से वाहन नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण यह दुखद घटना हुई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और छत तक फट गई। टक्कर के प्रभाव से नंबर प्लेट सहित कई हिस्से दूर जाकर गिरे।

# अंता में वसुंधरा का अहम और पूर्व विधायक मीणा की कार्यशैली भाजपा को ले डूबी

## पूर्व विधायक मीणा की कार्यशैली का नुकसान निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को भी उठाना पड़ा

**-कार्यालय संवाददाता-**

कोटा, 14 नवम्बर (कासं)। अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने 69,462 मत प्राप्त करके भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन पर 15,612 मतों से जीत हासिल की है। भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को 53,959 मत प्राप्त हुए तथा निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा 53,800 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के मध्य मात्र 159 मतों का अंतर रहा।

- **अंता में भाजपा का पारंपरिक मतदाता (नागर, धाकड़ और बंजारा) भी विमुख हुआ।**
- **कांग्रेस के भाया 15,000 से अधिक मतों से चुनाव जीते, भाजपा (दूसरे) और निर्दलीय (तीसरे) स्थान के मध्य मात्र 159 मतों का अंतर रहा।**

निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने एक बार चौथे राउंड में जरूर कांग्रेस प्रत्याशी भाया पर लीड बनाई, परंतु भाजपा एक बार भी कांग्रेस पर बढ़त नहीं बना पाई। भाजपा की इस करारी हार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के अहम् और पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा की कार्यशैली को महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा को वसुंधरा राजे का संरक्षण प्राप्त था तथा वसुंधरा की राय पर ही उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अंता से प्रत्याशी बनाया था। बताया जा रहा है कि कंवरलाल मीणा ने चुनाव जीतकर अपने विधानसभा क्षेत्र में इस तरह की दबंगई दिखाई कि अन्य जातियों का मतदाता सहमा सा रहने लगा। इस बीच, कंवरलाल मीणा की विधानसभा सदस्यता चली गई और उपचुनाव की घोषणा हो गई। डरे, सहमे मतदाताओं ने साइलेंट रह कर मतदान किया, जो कांग्रेस के पक्ष में गया। मीणा समाज के मतदाताओं को छोड़कर अन्य समाज के मतदाता अपने क्षेत्र में पुनः मीणा विधायक नहीं देखना चाहते थे, क्योंकि पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा को लेकर उनका अनुभव अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में नरेश मीणा अन्य समाजों का निर्णायक मत प्राप्त करने में सफल नहीं हो पाए।

वसुंधरा राजे ने अपने अहम् के चलते नागर-धाकड़ समाज के हाड़ौती में सबसे बड़े नेता और मंत्री हीरालाल नागर को कैंपेनिंग के लिए नहीं आने दिया, क्योंकि मंत्री नागर कोटा के एक बड़े नेता के करीबी हैं, जिन्हें वसुंधरा पसंद नहीं करतीं।

हीरालाल नागर को कैंपेनिंग से दूर करने के कारण अंता में तीसरे बड़े नागर-धाकड़ समाज के मतदाताओं ने भाजपा के प्रति अपनी नाराजगी दिखाई। नागर-धाकड़ भाजपा का परंपरागत वोटर होने के बावजूद, भाजपा के समर्थन में नहीं आया। इसी तरीके से हाड़ौती और प्रदेश के बड़े दलित नेता मंत्री मदन दिलावर जो हाड़ौती के ही हैं, उन्हें भी कैंपेनिंग से दूर रखा गया। वसुंधरा राजे उनसे भी नाखुश सी रहती हैं। अंता विधानसभा में मीणा समाज के मतदाता बहुतायत में होने के बावजूद, मीणा समाज के सबसे बड़े नेता किरोड़ी लाल मीणा की भी उपचुनाव में एंट्री नहीं हो पाई। वसुंधरा राजे से उनकी अदावत पुरानी है।

निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने पूरा चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भैया को टारगेट करके लड़ा, परंतु नुकसान उन्होंने भाजपा को अधिक पहुंचाया है।

# मैथिली ठाकुर ने सबसे कम उम्र में विधायक बनने का कीर्तिमान बनाया

## गायिका मैथिली मात्र 25 साल 3 माह 20 दिन की उम्र में अली नगर सीट से विधायक निर्वाचित हुईं

पटना, 14 नवंबर। बिहार की जानी-मानी गायिका मैथिली ठाकुर ने महज 25 साल तीन महीने 20 दिन की उम्र में चुनाव जीतकर देश में सबसे कम उम्र में विधायक चुने जाने का रिकॉर्ड कायम किया है।

- **मैथिली हिन्दी, भोजपुरी, मैथिली, अवधि आदि भाषाओं में मुख्यतः लोक गीतों के लिये जानी जाती हैं। यूट्यूब व सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने लोकप्रियता प्राप्त की है।**

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में 25 जुलाई 2000 को जन्मी मैथिली ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और अलीनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के बिनोद मिश्रा को 11,730 मतों से पराजित किया।

इसके साथ ही मैथिली ने देश के इतिहास में सबसे युवा विधायक चुने जाने का गौरव हासिल किया। मैथिली को 84,915 और मिश्रा को 73,185 मत मिले।

मैथिली हिंदी, भोजपुरी, मैथिली, अवधि और अन्य भाषाओं में मुख्यतः लोकगीतों के लिए जानी जाती हैं। यू-ट्यूब और सोशल मीडिया के माध्यम से देश और दुनिया में अपनी गायकी की पहचान स्थापित करने वाली मैथिली को भाजपा ने उनकी लोकप्रियता को देखते हुए टिकट दिया था और उनकी जीत ने इस पर मुहर लगायी।

मौजूदा विधायकों में मैथिली से पहले तेलंगाना कांग्रेस के मिनमपल्ली रोहित के नाम सबसे कम उम्र में विधायक चुने जाने की उपलब्धि थी जो 26 साल की उम्र में विधायक बने थे।

## बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम, 2025

| क्र.सं. | पार्टी | परिणाम |
|---|---|---|
| 1 | भाजपा | 89 |
|  | जदयू | 85 |
|  | सहयोगी | 28 |
|  | **एनडीए** | **202** |
| 2 | राजद | 25 |
|  | कांग्रेस | 6 |
|  | सहयोगी | 4 |
|  | **महागठबंधन** | **35** |
| 3 | जनसुराज | 0 |
| 4 | अन्य | 6 |

## सुधांश पंत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुधांश पंत को 31 अक्टूबर 2023 को मुख्य सचिव के पद पर नियुक्ति दी गई थी। गत 1 जनवरी 2024 को उन्होंने राजस्थान में पद संभाला था, वे 22 महीने 10 दिन मुख्य सचिव रहे।

बताया जा रहा है कि, राज्य सरकार ने आईएएस वी. श्रीनिवास के नाम पर मुहर लगाते हुए केंद्र सरकार को 1 दिन पहले ही प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद केंद्र सरकार ने वी.श्रीनिवास को राजस्थान के लिए कार्यमुक्त कर दिया। वे पिछले 7 सालों से केंद्र सरकार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

- **निवर्तमान मुख्य सचिव केन्द्र में कैबिनेट सैक्रेटेरियट में ओएसडी नियुक्त हुए हैं।**

## बिलाड़ा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दोस्त को सफाईकर्मी के पद के लिए नियुक्ति देने के लिए 50 हजार से 1 लाख रूपए तक की माँग सीएमएचओ जोधपुर ग्रामीण डॉक्टर मोहनदान देथा के लिए की जा रही है। शिकायत पर एसीबी जोधपुर डीआईजी भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में एएसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मय जाब्ता के ट्रेप कार्यवाही करते हुए डॉक्टर बुधराज बिश्नोई 3.70 लाख की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ और अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## नीतीश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

"सुशासन बाबू" के रूप में मशहूर नीतीश कुमार को उनके अनुशासित प्रशासन की पुरानी छवि से बड़ा लाभ मिला। राजनैतिक रूप से पाले (गठबंधन) बदलते रहने के बावजूद, जनता ने उन्हें कानून-व्यवस्था और स्थिर शासन के लिए एक भरोसेमंद विकल्प माना।

## कांग्रेस अभी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नाम वोटर सूची से हटाए गए। देशभर से लोगों को वोट डालने के लिए बिहार भेजा गया। भाजपा नेताओं ने बिहार के प्रवासी मतदाताओं को लाने के लिए ट्रेनें चलवाईं, सफ़र का खर्च उठाया और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

कांग्रेस का यह भी आरोप है कि चुनाव आयुक्त तब भी चुप रहे, जब चुनाव प्रचार के बीच 1 करोड़ महिला मतदाताओं को 10,000 रुपये दिए गए, जो चुनाव आयोग के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन था।

क्या यह लोकतंत्र का अपहरण करने की कोशिश है? क्या लोगों को यह समझने की ज़रुरत है कि बिहार का यह नतीजा देश के लिए क्या संकेत देता है और आगे देश के बाकी हिस्सों पर इसका प्रभाव हो सकता है?

राहुल गांधी ने चुनाव से पहले ही वोट चोरी का मुद्दा उठाया था और यह भी कहा था कि जिस तरह से चुनाव आयुक्त भाजपा और एनडीए को नाजायज़ तरीकों से सत्ता में लाने के लिए मदद कर रहे हैं, उसके कारण वे (राहुल) चुनाव हार जाएंगे।

बिहार चुनाव के संचालन और एनडीए की जीत पर जहाँ बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं राहुल गांधी के नेतृत्व पर भी गंभीर सवालिया निशान लगा है। भाजपा के लिए अगला लक्ष्य पश्चिम बंगाल है, जहाँ वह किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा बिहार से पश्चिम बंगाल की ओर बहती है। यह साफ संकेत है कि अब राजनीतिक लड़ाई बंगाल में जमने वाली है, जहाँ भाजपा किसी भी कीमत पर सत्ता हथियाने के लिए कटिबद्ध है।

## राज्य ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अदालत ने कहा कि परिसीमन की कार्रवाई तीन सदस्यीय राज्य स्तरीय कमेटी के जरिए करायी जाये। इसके लिए कमेटी जिला कलेक्टर की ओर से भेजे प्रस्ताव पर कार्रवाई करेगी। वहीं अदालत ने मामले में परिसीमन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए, दखल देने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा, अदालत ने प्रधान और सरपंचों को हटाकर प्रशासक लगाने के खिलाफ दायर याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि परिसीमन की कार्रवाई को पुनः चुनौती नहीं दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने महाधिवक्ता से पूछा कि परिसीमन के कितने दिन में चुनाव करा लिए जाएंगे, क्योंकि परिसीमन के बाद चुनाव कराने में ढील नहीं दी जा सकती।

# दिल्ली कार बम धमाके में नूंह के दो डॉक्टर गिरफ्तार

## अल-फलाह युनिवर्सिटी की जमीन व प्रशासनिक रिकॉर्ड की विस्तृत जांच शुरु

चंडीगढ़ , 14 नवंबर। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास हुए कार बम धमाके मामले में जांच एजेंसियों ने हरियाणा के नूंह जिले से दो डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। साथ ही अल-फलाह यूनिवर्सिटी की जमीन और प्रशासनिक रिकॉर्ड की विस्तृत पड़ताल भी शुरू कर दी गई है।

जांच से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, दोनों युवक हाल ही में यूनिवर्सिटी के मेडिकल विंग से जुड़े थे। उनके मोबाइल फोन से मिले कुछ डेटा में संदिग्ध बातचीत के संकेत मिलने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बरामद डिजिटल सामग्री की अभी तकनीकी जांच जारी है।

पहचाने गए युवकों में से एक मुस्ताकिम, नूंह के सुन्हेड़ा गांव का रहने वाला है। वह चीन से एमबीबीएस कर भारत लौटा था और यहां इंटर्नशिप कर रहा था। परिजनों के अनुसार, वह नौ नवंबर को दिल्ली में नौकरी से जुड़ी परीक्षा देने गया था। अगले दिन देर रात एजेंसियों ने गांव पहुंचकर उसे पूछताछ के लिए साथ लिया। परिवार का कहना है कि उसकी सामान्य फोन बातचीत को गलत तरीके से संदिग्ध माना गया है।

दूसरा युवक मोहम्मद, अहमदवास गांव का रहने वाला बताया गया है। उसने करीब छह माह पहले एमबीबीबीएस पूरा किया था और यूनिवर्सिटी अस्पताल में इंटर्न के तौर पर काम कर रहा था। 15 नवंबर को उसकी औपचारिक ज्वाइनिंग होनी थी, लेकिन कॉल रिकॉर्ड की जांच के बाद उसे भी इस सप्ताह हिरासत में ले लिया गया। इसके समानांतर, शुक्रवार को अल-फलाह यूनिवर्सिटी और उसके मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया। परिसर में प्रवेश केवल पहचान सत्यापन के बाद ही हो रहा है, जबकि कई ब्लॉकों में आवाजाही सीमित कर दी गई है।

- **अल-फलाह यूनिवर्सिटी व मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा घेरा बढ़ा। केवल पहचान सत्यापन के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। कई ब्लॉकों में आवाजाही सीमित की।**

इसी दौरान, फरीदाबाद जिला प्रशासन ने यूनिवर्सिटी की करीब 78 एकड़ जमीन का विस्तृत सर्वे शुरू किया है। राजस्व विभाग की टीमें निर्माण संरचनाओं, खाली पड़े हिस्सों, पुराने भूमि सौदों और उनसे जुड़े वित्तीय दस्तावेजों की जांच कर रही हैंद्ध ताकि मंजूरशुदा उपयोग और वास्तविक स्थिति का मिलान किया जा सके।

जांचकर्ता यह भी पड़ताल कर रहे हैं कि हिरासत में लिए गए दोनों डॉक्टरों का किसी अन्य संदिग्ध उमर नबी से कोई संपर्क था या नहीं, जो कथित तौर पर धमाके वाले दिन नूंह से दिल्ली आया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह जांच अभी शुरुआती स्तर पर है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब तक की कार्रवाई प्रक्रियात्मक है और अंतिम निष्कर्ष डिजिटल फॉरेंसिक, वित्तीय जांच और एजेंसियों की संयुक्त रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा। जरूरत पड़ने पर प्रवर्तन निदेशालय भी जांच से जुड़ सकता है।

## भारतीय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जैसे अंतरराष्ट्रीय सेक्स तस्करी गिरोह से जुड़ाव साबित हुआ, तो इसका असर अत्यंत गंभीर और ज़हरीला हो सकता है। सत्तारूढ़ दल और अन्य राजनीतिक समूह तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग कर सकते हैं।

# मुख्य आरोपी डॉ. नबी का पुलवामा में घर बम विस्फोट से उड़ाया

## सुरक्षा बलों ने विस्फोट से पहले आस-पास के निवासियों को घर खाली करने को कहा था

श्रीनगर, 14 नवंबर। दिल्ली में लाल किला के पास कार बम विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी के जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित घर को विस्फोट से उड़ा दिया गया।

- **शीर्ष अधिकारियों के अनुसार इस तरह की कार्यवाही का उद्देश्य स्थानीय युवकों को आतंकवादी समूहों में शामिल होने से हतोत्साहित करना है।**

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा स्थित डॉ. नबी के घर को नियंत्रित विस्फोट के जरिए गुरुवार की देर रात को ध्वस्त किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को सील कर दिया था और घर को विस्फोट से उड़ाने से पहले आस-पास के निवासियों को घर खाली करने को कहा गया था।

जांचकर्ताओं ने खुलासा किया था कि डॉ. उमर ने ही सोमवार शाम लाल किले के पास हुए विस्फोट वाली आई-20 कार चलाई थी, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी।

वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने घर उड़ाने की घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को आतंकवादी समूहों में शामिल होने से हतोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि इस कदम का उद्देश्य यह कड़ा संदेश देना है कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर परिणाम होते हैं, न केवल संबंधित लोगों के लिए, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी।

श्रीनगर के सांसद आगा रूहुल्लाह ने घर उड़ाने की निंदा करते हुए कहा कि इस कदम से सजा नहीं मिलेगी, बल्कि यह केवल सामूहिक पीड़ा देगा।

सांसद ने एक्स पर कहा, "कश्मीर की कड़ाके की सर्दी में बिना सबूत/अदालती आदेश या घटना से जुड़े किसी कानून के पूरे परिवार को बेघर करना क्रूरता का काम है।

# विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस व भाजपा को दो-दो सीटें मिलीं

## पीडीपी, आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा व मिजो नेशनल फ्रंट ने एक-एक सीट जीती

नयी दिल्ली, 14 नवंबर। देश के सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस, भाजपा को दो, आम आदमी पार्टी (आप), जम्मू-कश्मीर पीडीपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और मिजो नेशनल फ्रंट को एक-एक सीट पर जीत हासिल हुयी है। ये उपचुनाव तेलंगाना की जुबली हिल्स, राजस्थान की अंता, पंजाब की तरनतारन, झारखंड की घाटशिला, ओडिशा की नौपाड़ा, मिजोरम की डम्पा तथा जम्मू-कश्मीर की नगरोटा एवं बडगाम सीट पर हुए थे।

- **उपचुनावों में कांग्रेस को जहाँ अंता (राजस्थान) व जुबली हिल्स (तेलंगाना) में विजय मिली, भाजपा ने नगरोटा (जम्मू कश्मीर) व नौपाड़ा (ओडिशा) में जीत हासिल की।**

इनमें कांग्रेस को जुबली हिल्स और अंता सीटों पर जीत हासिल हुयी, जबकि भाजपा को नगरोटा और नौपाड़ा सीट पर विजय मिली। घाटशिला से झामुमो, बडगाम से जम्मू-कश्मीर पीडीपी, तरनतारन से आम आदमी पार्टी और डम्पा सीट से मिजो नेशनल फ्रंट को जीत मिली है।

कांग्रेस उम्मीदवार नवीन यादव ने जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवार मगंती सुनीता को 24,729 मतों के अंतर से हराया।

राजस्थान की अंता सीट पर कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया को 69,571 वोट मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के मोरपाल सुमन को 15,612 मतों से पराजित किया। सुमन को 53,959 वोट मिले।

झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 104794 वोट मिले, जबकि भाजपा के बाबूलाल सोरेन 66270 मत ही हासिल कर सके। सोमेश सोरेन 38524 वोट के अंतर से जीत हासिल की।

ओडिशा की नौपाड़ा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जय ढ ोलकिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी घासी राम माझी को 83748 मतों से हराया। जय ढ ोलकिया को123869 मत मिले, तो कांग्रेस प्रत्याशी को 40121 मत प्राप्त हुए।

मिजोरम में डंपा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट के डॉ आर ललथांगलियाना ने अपने निकटतम उम्मीदवार जोराम पीपुल्स मूवमेंट के वनलालसेलोबो को 562 मतों से पराजित कर दिया।

पंजाब में तरनतारन विधानसभा सीट के उपचुनाव में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिरोमणि अकाली दल की प्रत्याशी सुखविंदर कौर को 12091 मतों से हरा कर सीट को बरकरार रखा। संधू को 42649 को मत मिले, जबकि शिरोमणि अकाली दल की प्रत्याशी सुखविंदर कौर को कुल 30558 वोट मिले।

जम्मू-कश्मीर की नगरोटा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा की दिव्यरानी राणा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी के उम्मीदवार हर्ष देव सिंह को 24647 मतों से पराजित किया। राणा को कुल 42350 मिले, जबकि सिंह ने कुल 17703 मत हासिल किये। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस यहां पर तीसरे नवंबर पर रही है और उसकी उम्मीदवार शमीम बेगम ने कुल 10872 मत प्राप्त किये।

## एक बार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आरजेडी के लिए है, जो नतीजों में यह संकेत देख रही है कि पार्टी या तो बहुत कमजोर हो जाएगी या हाशिये पर चली जाएगी। असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में 6 सीटें जीतकर आरजेडी के एम-वाई समीकरण को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। उधर यादव वोट बैंक भी टूट गया, क्योंकि ओबीसी और पिछड़ी महिलाएं, जिनमें यादव महिलाएं भी शामिल थीं, एनडीए के साथ चली गईं। इस संकट को और बढ़ाया तेजस्वी परिवार के भीतर के विवाद ने, जो प्रचार के दौरान खुलकर सामने आया। कांग्रेस, जिसने 1 सीट जीती और 5 पर आगे थी, उसे भी अब गंभीरता से सोचना होगा कि उसकी रणनीतियाँ और अभियान असर क्यों नहीं छोड़ पा रहे हैं।

## भू-अभिलेख ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एसीबी राजसमन्द टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि भू-प्रबंध विभाग द्वारा राजसमंद जिले में चलाये जा रहे पैमाइश कार्य में परिवादी की आराजियात की मौके के हिसाब से पैमाइश की कार्यवाही करने एवं नक्शा शुद्धिकरण करने की एवज में भू-अभिलेख निरीक्षक कमलेश चन्द्र खटीक की ओर से दस लाख रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908